# पीडियाट्रिक एंडोक्रिनोलॉजी तथ्य चार्ट
# ट्रांसजेंडर पुरुषों के लिए मर्दाना-करण उपचार

## मर्दाना-करण उपचार के क्या विकल्प हैं?

कुछ ट्रांसजेंडर पुरुष ( वे व्यक्ति जिनके जन्म के समय उनका लिंग नारी निर्धारित किया गया था और वे स्वयं की पहचान पुरुष लिंग से करते हैं), किशोरावस्था और वयस्क अवस्था के दौरान दवाओं का उपयोग करके या सर्जरी द्वारा शारीरिक बदलाव करवाने का निश्चय ले सकते हैं । ये बदलाव उनके भौतिक शरीर को पुरुष लिंग की पहचान दे सकते हैं । कुछ लोगों के लिए इसमें सामाजिक परिवर्तन भी शामिल हो सकते हैं, जैसे की बालों और कपड़ों की शैली, नाम, सर्वनाम (लड़की/लड़का)। मर्दाना-करण उपचार पीडियाट्रिक एंडोक्राइन सोसायटी द्वारा उन किशोर और वयस्क व्यक्तियों के लिए सुझाया गया है, जिन्हें लिंग डिस्फोरिया है ।

## टेस्टोस्टेरोन क्या होता है ? इससे शरीर में क्या परिवर्तन होते हैं ?

टेस्टोस्टेरोन एक हार्मोन है जो शरीर में मर्दाना परिवर्तन करता है । प्रत्येक वयस्क में टेस्टोस्टेरोन होता है, लेकिन आमतौर पर वयस्क पुरुषों में अधिक टेस्टोस्टेरोन होता है और वयस्क महिलाओं में अधिक एस्ट्रोजन और थोड़ा टेस्टोस्टेरोन होता है । टेस्टोस्टेरोन इलाज से शरीर में स्थायी परिवर्तन होते हैं, जैसे की गहरी आवाज, चेहरे और शरीर के बालों में वृद्धि, सर का गंजापन, और भगशेफ (जननांगों का संवेदनशील हिस्सा) का आकार बढ़ना । टेस्टोस्टेरोन मांसपेशियों में वृद्धि और शक्ति को बढ़ा सकता है, माहवारी को होने से रोक सकता है और हड्डियों को मजबूत कर सकता है। यदि कोई ट्रांसजेंडर किशोर पूर्ण (महिला) यौवन से नहीं गुजरा है, उसमें टेस्टोस्टेरोन से लम्बा कद और मर्दाना चेहरा पेदा किया जा सकता है ।

## क्या टेस्टोस्टेरोन इलाज से स्तन और नारी लिंग की विशेषतायें चली जाती हैं ?

टेस्टोस्टेरोन के कारण पेट पे अधिक, और कूल्हों और जांघों के आसपास कम वसा इकट्ठा हो सकता है । स्तन का जितना विकास पहले से ही हो चुका है, वह थोड़ा कम हो सकता है, लेकिन स्तन पूरी तरह से लुप्त नहीं होते हैं । कुछ ट्रांसजेंडर पुरुष स्पोर्ट्स ब्रा पहन्ना चुन सकते हैं । अन्य लोग स्तन ऊतक को हटाने के लिए सर्जरी का चयन कर सकते हैं ।

## टेस्टोस्टेरोन कैसे लिया जाता है?

टेस्टोस्टेरोन कई तरीकों से दिया जा सकता है । इसकी कोई गोली नहीं होती है । यह एक टीके के रूप में दिया जा सकता है (मांसपेशियों में) या त्वचा के नीचे इंसुलिन के टीके की तरह लगाया जा सकता है । टेस्टोस्टेरोन पैच (जो त्वचा से चिपक जाता है), या gel के रूप में भी उपलब्ध है । टेस्टोस्टेरोन gel को सावधानी से इस्तेमाल करना चाहिए, क्यूँकि परिवार के अन्य सदस्यों को इसके सम्पर्क में आने से अवांछित प्रभाव हो सकते हैं । हाथ धोने और अपने स्वयं के तौलिये का उपयोग करने के लिए बहुत सावधान रहना चाहिए । अपनी बीमा कम्पनी से इस इलाज के भुगतान के विषय में समीक्षा करना महत्वपूर्ण है ।

## ये परिवर्तन कितनी तेजी से होते हैं ?

जैसे यौवन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें 2-3 साल लग सकते हैं, टेस्टोस्टेरोन से बदलाव आने में भी महीनों से साल तक लग सकते हैं । पहले कुछ महीनों में अपेक्षित परिवर्तन हैं, चिकनी त्वचा, मुंहासे और चेहरे और शरीर के बालों में वृद्धि । माहवारी आमतौर पर 6 महीनो में बंद हो जाती है, हालांकि यह सभी के लिए अलग होता है ।

पहले 6 महीनों में यौन रुचि और क्लिटोरल आकार में वृद्धि हो सकती है । आवाज परिवर्तन पहले कुछ महीनों में शुरू हो जाते हैं और 1-2 साल में आवाज गहरी हो जाती है । 2-3 वर्षों में शरीर के आकार में परिवर्तन , मांसपेशियों का विकास होना, और शरीर और चेहरे के बालों का बढ़ना देखा जाता है ।

## टेस्टोस्टेरोन इलाज के क्या दुष्प्रभाव होते हैं ? क्या यह खतरनाक हो सकता है ?

किसी भी अन्य दवाई की तरह, इस इलाज के कुछ दुष्प्रभाव हो सकते हैं और बहुत अधिक दवाई लेने पर जोखिम अधिक हो सकते हैं । इनमें ख़ासकर शामिल हैं हृदय रोग और कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना । स्वस्थ भोजन खाने, स्वस्थ वजन रखने, व्यायाम करने, धूम्रपान से बचने और रक्तचाप की निगरानी करने से हृदय रोग के जोखिम को कम किया जा सकता है । टेस्टोस्टेरोन से हिमोग्लोबिन और लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या बढ़ सकती है । यह इलाज आमतौर पर चिकित्सक की निगरानी में दिया जाता है । यदि लाल रक्त कोशिकाओं का स्तर बहुत अधिक हो जाता है, तो इससे स्ट्रोक हो सकता है । टेस्टोस्टेरोन से मनोदशा में परिवर्तन और चिड़चिड़ापन हो सकता है । टेस्टोस्टेरोन से कुछ लोगों का चयापचय बढ़ जाता है और भूख में वृद्धि हो जाती हैं।

## क्या टेस्टोस्टेरोन के कारण बांझपन हो सकता है ? क्या ट्रांसजेंडर पुरुष टेस्टोस्टेरोन इलाज के दौरान गर्भवती हो सकता है ?

प्रजनन क्षमता पर टेस्टोस्टेरोन के प्रभाव का अनुमान लगाना मुश्किल है । टेस्टोस्टेरोन लेने से अंडाशय और अंडे प्रभावित हो सकते हैं, लेकिन यह भी संभव है कि वे अप्रभावित रहें । आमतौर पर, टेस्टोस्टेरोन लेने से माहवारी बंद हो जाती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ओव्यूलेशन और अंडे का विकास भी बंद हो जाता है । इसलिए, गर्भनिरोधक का उपयोग करना बहुत महत्वपूर्ण है । ऐसे ट्रांसजेंडर पुरुष भी हैं जो कई सालों तक टेस्टोस्टेरोन पर होने के बाद भी गर्भवती हो गए । यदि प्रजनन संरक्षण वांछित है, तो टेस्टोस्टेरोन शुरू करने से पहले अपने चिकित्सक के साथ चर्चा करें क्योंकि प्रजनन क्षमता की दीर्घकालिक संभावना स्पष्ट नहीं है । गर्भवती होने पर टेस्टोस्टेरोन को तुरंत रोक दिया जाना चाहिए क्योंकि यह भ्रूण (fetus) के विकास में गंभीर समस्याएं पैदा कर सकता है ।

## किस प्रकार की मर्दाना-करण सर्जरी उपलब्ध हैं ?

हर ट्रांसजेंडर पुरुष को सर्जरी की आवश्यकता नहीं पड़ती, लेकिन कुछ इसे आवश्यक मानते हैं । कुछ ट्रांसजेंडर पुरुषों में स्तन ऊतक को हटाने के लिए सर्जरी की जा सकती है । अन्य ट्रांसजेंडर पुरुषों में गर्भाशय, अंडाशय, गर्भाशय ग्रीवा और योनि को हटाकर, लिंग और अंडकोश बनाने के लिए सर्जरी की जा सकती है । कानूनी वयस्क आयु (अमेरिका में 18 साल) से पहले सर्जरी करवाने की सलाह नहीं दी जाती है।

**यह जानकारी पीडियाट्रिक एंडोक्राइन सोसायटी के मरीज शिक्षा अनुभाग की सहायता से छपी है।**

PES PEDIATRIC ENDOCRINE SOCIETY